खाटू वाले ओ खाटू वाले

गिरते हुए की तू ही संभाले हारे का है सहारा
जो भी डूबा भाव सागर में तूने पार उतारा
मुझ पर भी कुछ कृपा कर दो कब से आस लगाई
मेरे दिल में बसा हुआ है बस तेरा ही द्वारा

ये है सब का सहारा खाटू वाला हमारा
सांवरे ....श्याम हो मेरे श्याम

खाटू वाले ओ खाटू वाले
गिरतों को बाबा तू ही तो संभाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

तुझे एक पल भी बाबा ना भुलाउं मैं
तेरा खाटू का ये दर छोड़ कभी भी ना जाऊं मैं
तुम ही हो बाबा मेरे रखवाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

मुझे रखना सदा तू पनाहों में
मेरे संग संग श्याम जीवन की राहों में
मेरा सारा जीवन है तेरे हवाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

ओ मेरे जीने का तू ही एक सहारा है
अब बिन तेरे सांवरे ना कोई हमारा है
शर्मा को अपना बिना को अपनी सेवा में लगा ले
खाटू वाले ओ खाटू वाले ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15327/title/khatu-vale-o-khatu-vale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |